रणजीत टाइम्स
इंदौर
शुक्रवार, 12 सितम्बर, 2025
वर्ष 01 | अंक 228 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# पीडब्ल्यूडी मंत्री बोले- भोपाल का 90 डिग्री ब्रिज सही

# इसमें कोई तकनीकी समस्या नहीं; हाईकोर्ट का तंज- ठेकेदारों को मेडल देना चाहिए

**रणजीत टाइम्स**

भोपाल के जिस 90 डिग्री में खामियां बताकर आठ अफसरों को सस्पेंड किया गया था, उस ब्रिज को पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने गुरुवार को सही बताया है। उन्होंने जबलपुर में मीडिया से कहा- ब्रिज को लेकर कोई समस्या थी ही नहीं, लेकिन उसका प्रचार-प्रसार इस तरह किया गया कि वह सुर्खियों में आ गया। मंत्री ने कहा- 90 डिग्री का कोई मुद्दा नहीं था।





इस तरह के पुल और चौराहे देश और प्रदेश में बहुत सारे बने हुए हैं। महत्वपूर्ण यह है कि सेफ्टी मेजर्स का पालन हुआ है या नहीं और इस मामले में पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां पुराने शहर और पुरानी बसाहट होती है, वहां जब पुल और सड़कों का निर्माण करना होता है, तो जगह की कमी के कारण 90 डिग्री पर जाना ही पड़ता है। कई बार ऐसी परिस्थितियां बनती हैं।

### भोपाल का ब्रिज वास्तव में 114 डिग्री का पुल

लोक निर्माण मंत्री ने कहा- भोपाल के जिस ब्रिज को 90 डिग्री का बताया जा रहा है, वह वास्तव में 114 डिग्री का है। उस पर किसी तरह की कठिनाई नहीं है। ब्रिज में कोई तकनीकी समस्या नहीं है। ठेकेदार और अन्य लोगों पर जो कार्रवाई की गई, वह बेहतर तालमेल न होने के कारण हुई है। विभाग द्वारा हाईकोर्ट को जवाब देना है, जिसे तैयार कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई चल रही है।

### हाईकोर्ट ने कहा- फिर ठेकेदार पर कार्रवाई क्यों की?

90 डिग्री ब्रिज मामले में बुधवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई थी। मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच के सामने मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) की सिविल इंजीनियरिंग विभाग की जांच रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट पढ़ने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा- जब ठेकेदार ने PWD के निर्देशों के अनुसार ही काम किया है, तो फिर उस पर कार्रवाई क्यों की गई? ठेकेदारों को सजा नहीं, बल्कि मेडल मिलना चाहिए।

### मैनिट की रिपोर्ट- नक्शे के अनुसार ही निर्माण

मैनिट की जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि PWD ने ठेकेदार पुनीत चड्ढा को जो जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग दी थी, उसमें पुल का एंगल 119 डिग्री दर्शाया गया था। जांच में बने पुल का एंगल 118 डिग्री से थोड़ा ज्यादा पाया गया। दोनों ही माप लगभग समान बताए गए। रिपोर्ट के अनुसार, ठेकेदार ने विभाग द्वारा दिए गए नक्शे के अनुसार ही निर्माण कार्य किया है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार और पीडब्ल्यूडी से जवाब मांगा है।

### सरकार ने जवाब देने मांगा समय

सरकार की ओर से कोर्ट में पेश वकील ने अदालत से समय मांगते हुए कहा कि उन्हें रिपोर्ट का अध्ययन करने और जवाब दाखिल करने का अवसर दिया जाए। हाईकोर्ट ने मांग स्वीकार करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 23 सितंबर को तय की है।

## मध्यप्रदेश में खाद संकट को लेकर उमंग सिंघार का सरकार पर हमला, कहा 'अन्नदाताओं पर बरसाई जा रही लाठियां, बीजेपी के लिए किसान सिर्फ वोट बैंक'



**रणजीत टाइम्स**

मध्यप्रदेश में खाद की भारी किल्लत ने कई जगह किसानों को सड़कों पर उतरने को मजबूर कर दिया है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भोपाल में एक प्रेसवार्ता कर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने खाद की मांग और वितरण के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई, जिसके चलते किसानों को अफरा-तफरी और संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रीढ़ किसान हैं, उन्हीं को खाद के लिए लाठियां झेलनी पड़ रही हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद ट्रांसपोर्ट करने वाली गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगाना चाहिए और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए इस समस्या का निदान करना चाहिए।

### खाद संकट पर सरकार को घेरा

उमंग सिंघार ने सरकार खाद की कमी को लेकर भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने सवाल किया कि बीजेपी सरकार किसानों को खाद उपलब्ध क्यों नहीं करा पा रही है। उन्होंने कहा कि 'पीएम मोदी ने कहा था कि हम किसानों का आय दुगनी कर देंगे। किसानों का आय दुगनी कब होगी.. जब किसानों को समय पर खाद मिलेगी और उनकी फसल पकेगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी पंजाब घूम रहे हैं लेकिन मध्यप्रदेश के किसानों को भूल गए हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव जी कांग्रेस की पहल पर स्कूटी बाँट रहे है.. लेकिन किसानों को खाद की बोरी भी बांट दी जाती तो वे आज बेहाल न होते।'

उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि प्रदेश में हर साल खाद की समस्या गहराती है? क्या भाजपा सरकार किसानों को केवल वोट बैंक समझती है? किसान हमारी धरती का भगवान है। उसके पसीने से अन्न उगता है। और जब वही किसान खाद, पानी और न्यूनतम दाम के लिए तरस जाए तो यह सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा सबूत है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश प्रदेश की पुलिस किसानों पर जिस तरह लाठियां बरसा रही है वह सरासर गलत है। किसानों को खाद की जगह सिर्फ लाठियां मिल रही हैं। बीजेपी सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात करने के बाद उनपर लाठी बरसा रही है।

### बीजेपी सरकार पर लगाए आरोप

इसी के साथ उमंग सिघार ने ये सवाल भी किया कि केंद्र सरकार के आँकड़ों में खाद सरप्लस दिखाई गई तो फिर किसानों तक खाद क्यों नहीं पहुँची है। उन्होंने कहा कि 'पिछले तीन सालों में मध्यप्रदेश में 16.25 LMT यूरिया और 7.11 LMT DAP बची बताई गई। सरकारी आँकड़े कहते हैं कि प्रदेश में खाद की उपलब्धता हर साल खपत से ज़्यादा रही.. यानी खाद बची हुई थी। फिर सवाल है कि खाद थी तो किसानों तक क्यों नहीं पहुँची?' उन्होंने कहा कि सरकार इस बात का जवाब दे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सीएम मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान और जेपी नड्डा जी.. तीनों मिलकर भी किसानों की समस्या हल नहीं कर पा रहे हैं या फिर इन तीनों नेताओं के बीच तालमेल की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि सरकार लीपापोती करती है भाषणबाजी करती है लेकिन किसानों के आंसू नहीं पोंछना चाहती है।

## नेपाल में फंसे भारतीयों की आपबीती

# 3 दिन से एयरपोर्ट में कैद, लोग बोले- हर तरफ फायरिंग भूखे मरने की नौबत आई; बस पर भी पत्थरबाजी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। नेपाल में 8 सितंबर से शुरू हुई हिंसा और राजनीतिक संकट के कारण सैकड़ों भारतीय वहां फंसे हैं। इनमें ज्यादातर पर्यटक, इलाज करवाने गए मरीज या उनके परिजन शामिल हैं। इनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी हैं। इन्होंने अपनी आंखों से हिंसक प्रदर्शन, आगजनी और गोलीबारी। पिछले 3 दिन से लोगों में दहशत है। ये लोग जल्द से जल्द भारत आना चाहते हैं। नेपाल में फंसे भारतीयों और वहां से लौटे लोगों की आपबीती पढ़िए...

### गुजरात: लोग बोले- चारों तरफ आग, कर्फ्यू से बचना नामुमकिन

नेपाल के पोखरा गेस्ट हाउस में फंसे सूरत के लोगों ने बालकनी से हिंसक प्रदर्शन को रिकॉर्ड किया। नेपाल के पोखरा गेस्ट हाउस में फंसे सूरत के लोगों ने बालकनी से हिंसक प्रदर्शन को रिकॉर्ड किया। गुजरात के 300 से ज्यादा लोग नेपाल में फंसे हैं। इनमें राजकोट के 43, अहमदाबाद के 9 और राजकोट के 50 से 55 लोग शामिल हैं। इन सभी लोगों ने स्थानीय होटलों और वृद्धाश्रमों में आश्रय लिया है। देवांगभाई के अनुसार, 10 सितंबर तक चारों ओर आगजनी और हिंसा की घटनाएं हो रही थीं। वे जिस होटल में वे ठहरे थे, वहां भी बिजली गुल है। हर पल जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष जैसा होता जा रहा है।

### राजस्थान: पर्यटक बोले- तीन दिन से एयरपोर्ट पर फंसे, भरपेट खाना नहीं खाया

काठमांडू एयरपोर्ट के बाहर जयपुर के करीब 200 लोग 9 सितंबर से फंसे हुए हैं।जयपुर से करीब 500 लोग 10 बसों से अलग-अलग ग्रुप में 3 धाम की यात्रा पर गए थे। इनमें से एक ग्रुप की बस 8 सितंबर को पत्थरबाजों के निशाने पर आ गई थी। बस क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, सभी यात्री सुरक्षित हैं। ये लोग 6-7 सितंबर की रात को ही नेपाल पहुंचे थे। वहां मंदिरों में दर्शन के बाद होटलों में रुके। उसी



दिन हिंसा शुरू हो गई। जयपुर के करीब 200 लोग काठमांडू एयरपोर्ट पर 9 सितंबर से फंसे हुए हैं। काठमांडू एयरपोर्ट पर फंसे लोगों से भास्कर टीम ने वीडियो कॉल पर बात की। जयपुर के सत्तार खान ने बताया कि हम लोग निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सेना ने हमें रोक दिया। अभी सारे फ्लाइट्स बंद हैं। ऐसे में हम यहां कैद हो गए हैं। तीन दिन से भरपेट खाना नहीं खाया है। सब कुछ इतना महंगा है कि भूखे मरने की नौबत आ गई है।

### बिहार: लोग बोले- बच्चों के साथ 5 किमी पैदल चलकर बॉर्डर पार किया

भारत-नेपाल के बीच 1,751 किमी लंबी खुली सीमा है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा 726किमी बिहार से लगता है। यहां कोई दीवार नहीं, कोई तारबंदी नहीं है। नेपाल से गाड़ी चलाकर बॉर्डर पर पहुंचे मोहम्मद इसराही ने बताया- नेपाल में स्थिति बहुत ही भयावह है। डर का माहौल है। हमलोग नेपाल में 2 दिनों से डर में जी रहे थे। हमारी आंखों के सामने 10 गाड़ियों को जलाया गया है। लग रहा था कि हमारी गाड़ी भी फूंक देंगे। मौत हमारे सामने से निकल गई। कई ड्राइवर अभी भी वहां फंसे हुए हैं।

### पंजाब: 92 श्रद्धालुओं का जत्था फंसा, होटल में कीर्तन करके रात गुजारी

पंजाब के अमृतसर से निकला 92 श्रद्धालुओं का जत्था नेपाल में हालात बिगड़ने से फंसा हुआ है। कर्फ्यू, आगजनी और प्रदर्शन की घटनाओं के बीच जत्था बुधवार रात नेपाल के बॉर्डर तक पहुंचा। रात में एक होटल में भजन-कीर्तन करके उन्होंने किसी तरह रात गुजारी। आज श्रद्धालुओं को बॉर्डर क्रॉस कर सुरक्षित भारत लाने की कोशिश होगी। ये जत्था 3 सितंबर को अमृतसर से रवाना हुआ था और 5 सितंबर को बॉर्डर पार कर जनकपुर धाम पहुंचा। वहां से 6 सितंबर को काठमांडू और उसके बाद पोखरा गया। श्रद्धालुओं का कार्यक्रम सामान्य रूप से चल रहा था, लेकिन 8 सितंबर से नेपाल में हालात अचानक खराब होने शुरू हो गए। इसके बाद से श्रद्धालु वहां फंसे हैं।

### नेपाल में फंसीं हरियाणा की वॉलीबॉल प्लेयर्स, होटल जलाया

नेपाल में वॉलीबॉल लीग इवेंट होस्ट करने गई दिल्ली की उपासना गिल वहां टीम समेत फंस गई हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर मदद की गुहार लगाई। उनकी टीम में हरियाणा के फरीदाबाद की लड़कियां भी शामिल हैं।उपासना ने बताया कि घटना के वक्त वे स्पा में थीं। लोग उनके पीछे डंडे लेकर दौड़ रहे थे। उपासना ने बताया कि वो महिला प्लेयर्स के साथ जिस होटल में रुकी थीं, प्रदर्शनकारियों ने उसे भी आग के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक नेपाल की वॉलीबॉल लीग का सीजन-2 चल रहा था। इसकी शुरूआत 5 सितंबर को हुई थी। 13 सितंबर तक मैच होने थे।




# ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस की ताकत देख अब रूस भी भारत से खरीदेगा

मॉस्को,(एजेंसी)। रूस ने संकेत दिए हैं कि वह ब्रह्मोस को अपनी सेना में शामिल कर सकता है। ब्रह्मोस को लेकर शुरू से ही दावा किया जा रहा था कि दुनिया का कोई भी एयर डिफेंस सिस्टम इसे इंटरसेप्ट नहीं कर सकता है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह देखा भी गया है, जिसके बाद अब रूस की सेना ब्रह्मोस-एनजी को अपने बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है।

दरअसल, भारत और रूस की संयुक्त कंपनी अब अपने प्रोडक्शन लाइन को काफी तेजी से विस्तार दे रही है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद कई देशों ने ब्रह्मोस खरीदने के लिए संपर्क किया है, जिससे उत्साहित ब्रह्मोस एयरोस्पेस अब इस मिसाइल को ज्यादा संख्या में बनाने की कोशिश कर रहा है, ताकि ब्रह्मोस बनाने में लागत को कम किया जा सके, जिससे खरीदने वाले देशों की संख्या बढ़े।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के डिप्टी सीईओ ने कहा है कि यह संभव है कि रूस अपनी सेनाओं के लिए भी यह मिसाइल हासिल कर ले। उन्होंने कहा है कि रूसी और भारतीय पक्ष, दोनों ही मिसाइलों की लागत कम करने के लिए काम कर रहे हैं ताकि एक ही समय में ज्यादा से ज्यादा ऑर्डर पूरे किए जा सकें। निर्यात के साथ-साथ अपनी सशस्त्र सेनाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए, हमें अपनी उत्पादन सुविधाओं को बढ़ाने की जरूरत है।

# ओली के बाद नेपाल की सत्ता पर किसका कब्जा

### रैपर बालेन शाह और पूर्व जज सुशीला कार्की बड़े दावेदार; राजा ज्ञानेंद्र की वापसी भी मुमकिन

**काठमांडू, (एजेंसी)।** नेपाल इस समय अपने सबसे बड़े नागरिक आंदोलन से गुजर रहा है। भ्रष्टाचार और शासन से नाराज जनता ने सरकार का तख्तापलट कर दिया। नतीजा यह हुआ कि प्रधानमंत्री ओली को इस्तीफा देकर भागना पड़ा।

राजनीतिक संकट गहराने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि देश की बागडोर किसके हाथ में होगी। इस आंदोलन में 6 चेहरों की चर्चा हो रही है, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे अंतरिम प्रधानमंत्री हो सकते हैं-

**सुशीला कार्की- भ्रष्टाचार विरोधी चेहरा**-सुशीला कार्की को भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख रखने के लिए जाना जाता है।



उन्होंने अपने करियर की शुरूआत शिक्षक के रूप में की और बाद में जज बनीं। जब सुशीला 2016 में नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस बनीं, तो यह अपने आप में ऐतिहासिक था।एक साल बाद 2017 में उन पर संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया। आरोप लगाया गया कि वे फैसलों में राजनीतिक दबाव के खिलाफ खड़ी हो रही हैं और न्यायपालिका की आजादी का गलत इस्तेमाल कर रही हैं। असल में, नेताओं को डर था कि अगर कार्की कोर्ट में ऐसे ही सख्ती दिखाती रहीं, तो उनकी राजनीति और सत्ता को बड़ा नुकसान हो सकता है। इसलिए उन्होंने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाकर उन्हें पद से हटाने की कोशिश की।

# प्रदर्शन के बाद केपी ओली ने लिखा इमोशनल लेटर, भारत के खिलाफ दिखाए तेवर!

### बोले-लिपुलेख, कालापानी जैसे मुद्दों से पीछे हट जाता है मुझे कई लाभ मिलते

**काठमांडू,(एजेंसी)।** नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली कहां हैं हर कोई यह जानना चाहता है। गुस्साए प्रदर्शकारियों ने उनके घर और संसद को आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक ओली का इस्तीफा देश के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने मंजूर कर लिया है और कथित तौर पर उन्हें तब तक कार्यवाहक सरकार का नेतृत्व करने का काम भी सौंपा है।

इस बीच खबर आई है कि उन्होंने तख्तापलट के बाद पहली बार ओपन लेटर लिखकर जेन-जेड को संबोधित किया है। इस इमोशनल लेटर में उन्होंने अपनी लोकेशन का भी जिक्र किया है। इस पत्र की हमारी संस्था स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करती है। पत्र में उन्होंने भारत से सीमा विवाद के मुद्दे का जिक्र किया है। उन्होंने लिखा लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा नेपाल के हैं और अगर इस मुद्दे को न उठाया हो तो मुझे कई फायदे मिलते। पत्र में उन्होंने लिखा आज, शिवपुरी में नेपाल सेना के सैनिकों से घिरे एक सुरक्षित और अलग




क्षेत्र में बैठकर, मैं आप सभी को याद कर रहा हूं। आपके चेहरे मेरे दिमाग में जीवंत रूप से हैं। जहां भी मैं जाता हूँ, छोटे बच्चों को देखता हूं, वे तुरंत मेरी बांहों में दौड़ आते हैं। उनकी मासूम हंसी, उनके छोटे-छोटे शरीर की गर्माहट, मुझे अपार खुशी देती हैं बच्चों के बीच रहना हमेशा मुझे उत्साह और संतुष्टि देता रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक ओली ने अपने पिता न बन पाने के दर्द को भी साझा किया है। उन्होंने लिखा कि शायद आप नहीं जानते, जब देश में शासन परिवर्तन की कठिन लड़ाइयां चल रही थीं, उस समय सरकार की ओर से किए गए अत्याचारों के कारण मैं अपने बच्चों का पिता नहीं बन सका। फिर भी पिता बनने की इच्छा मेरे अंदर कभी नहीं मरी।

# नेपाल हिंसा में 5 अरब का हिल्टन होटल तबाह

काठमांडू, (एजेंसी)। नेपाल में मंगलवार को हुई हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के सबसे ऊंचे हिल्टन होटल में आग लगा दी थी। यह होटल पिछले साल जुलाई में बनकर तैयार हुआ था। इसमें 5 अरब भारतीय रुपए खर्च हुए थे। हिल्टन काठमांडू का सबसे ऊंचा 5 स्टार होटल है, जिसे नेपाल के शंकर के




ग्रुप ने बनवाया है। इसमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आधुनिक सुविधाएं थीं। इस होटल ने नेपाल को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी।प्रदर्शनकारियों ने दर्जनों सरकारी-निजी इमारतों में आग लगा दी।

### भूगोल बदल देने वाले भूकंप की आहट

**वाशिंगटन,(एजेंसी)।** हाल में ओरेगन तट से सटे इलाके में दर्ज किए गए कई भूकंप से वैज्ञानिकों और नागरिकों में एक बार फिर उसी विशाल भूकंप और खतरे की यादें ताजा कर दी हैं, जिसने ओरेजन का नक्शा बदल दिया था।दुनिया में एक ऐसी प्राकृतिक आपदा की आहट महसूस की जा रही है, जो भूगोल बदलने में सक्षम है। आज से 425 साल पहले कुछ ऐसा ही हुआ था, जिसके बाद दुनिया ने देखा कि प्रकृति अपना रूप दिखाती है।

### पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले- मुस्लिम देश इजराइल के खिलाफ साथ आएं, वो हमें कमजोर करना चाहता है

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कतर की राजधानी दोहा पर इजराइली हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों को अपनी आर्थिक ताकत से इजराइल का मुकाबला करना चाहिए। आसिफ ने कहा- इजराइल मुस्लिम देशों को कमजोर करना चाहता है। यह सोचना गलत है कि इजराइल के सामने झुकने से कोई सुरक्षित रहेगा।

ख्वाजा आसिफ ने एक्स पर लिखा कि मुस्लिम देशों को अब इजराइल के खिलाफ एक साथ आना होगा। उनका मकसद मुस्लिम दुनिया की ताकत खत्म करना है। इजराइल के साथ नरमी बरतना गलत है।उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने, जो आर्थिक रूप से कमजोर है, फिर भी अपने से 5 गुना बड़े भारत को को सबक सिखाया। उन्होंने कहा- सुरक्षा कोई बाहर से नहीं देता। दूसरों की मदद मायने रखती है, लेकिन ताकत अपने अंदर से आती है।इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी दोहा पर हमले की निंदा की। उन्होंने पर लिखा कि पाकिस्तान की जनता और मेरी तरफ से मैं इजराइल के दोहा में आम लोगों पर किए गए गलत हमले की निंदा करता हूं।

### फेक निकला चीन का मदर रोबोट बच्चे पैदा नहीं कर सकती मशीन

बीजिंग(एजेंसी)। कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि चीन में अब ऐसी तकनीक बन रही है कि जिसके जरिये वो इंसानों के बच्चे रोबोट से पैदा करा लेगा। इस खबर को लेकर फैक्ट चेक के बाद दावा किया है कि ऐसी कोई तकनीक नहीं बनी है, जो मां के गर्भ को मशीन से बदल दे। ये अजीबोगरीब दावा कब और कैसे किया गया, इसके बारे में तो जानकारी नहीं है लेकिन चीनी से खबर आने के बाद दुनिया में हर कोई हैरान रह गया था।दावा किया जा रहा था कि इस अनोखे प्रोजेक्ट पर रोबोटिक्स कंपनी न सिर्फ काम कर रही है बल्कि ये तकनीक लगभग पूरी हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के अंतर्गत जिले के 175 विद्यार्थियों को मिला हितलाभ

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । जिले के 175 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के अंतर्गत हितलाभ राशि प्रदान की गई। देवी अहिल्या शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक. 1 में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी ने टॉपर विद्यार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए। श्रीमती जोशी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उनके परिश्रम के आधार पर स्कूटी हितलाभ मिला है, जिसे देखकर दूसरे विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को इतनी मेहनत करनी चाहिए कि वे अपने माता-पिता, शिक्षक और जिले का नाम रोशन कर सके।



इस अवसर पर भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शासकीय विद्यालयों में वर्ष 2024-25 के लिए 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले 7832 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूटी वितरण तथा 20 लाख से अधिक बालिकाओं को सैनिटेशन एवं हाइजीन के लिए 61 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापू सिंह परिहार सहित अधिकारीगण, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी पात्र होते हैं जिन्होंने प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में टॉप किया है। बालिका विद्यालय की दशा में स्कूल की टॉपर एक बालिका को, बालक विद्यालय होने की दशा में एक टॉपर बालक को एवं को-एड विद्यालय की दशा में स्कूल की एक टॉपर बालिका एवं एक टॉपर बालक को स्कूटी प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

# सिंहस्थ- 2028 के निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के साथ ही शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सुचारू रूप से क्रियान्वयन करना

## नवागत संभागायुक्त श्री सिंह ने देवालयों एवं मोक्षदायिनी माँ क्षिप्रा के दर्शन करने के बाद पद भार ग्रहण किया



**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । नवागत संभागायुक्त श्री आशीष सिंह ने गुरुवार 11 सितंबर को देवालयों के दर्शन,पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने मोक्षदायिनी माँ क्षिप्रा नदी को नमन किया। इसके बाद संभागायुक्त श्री सिंह ने संभागायुक्त के पद का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पूर्व कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा तथा मीडिया के प्रतिनिधियों ने संभागायुक्त श्री सिंह का आत्मीय स्वागत किया।

मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि आगामी सिंहस्थ-2028 में स्वीकृत किये गये निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के साथ ही शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन संभाग के सभी जिलों में सर्वोच्च प्राथमिकता रहेंगी। नवागत आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि सिंहस्थ मेंला अधिकारी के साथ संभागायुक्त



का महत्वपूर्ण दायित्व चुनौती के रूप में बड़ा अवसर है। सिंहस्थ से संबंधित 20 हजार करोड़ से अधिक की राशि के निर्माण कार्य चल रहे, यहा सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो इसके लिए मीडिया और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा । उज्जैन के अलावा श्री ओमकारेश्वर मंदिर पर भी श्रद्धालुओं का दबाव रहेगा इसे देखकर कार्ययोजना बनाई जा रही है।

नवागत संभागायुक्त श्री आशीष सिंह ने पदभार ग्रहण करने के पूर्व देवालयों में सर्वप्रथम श्री चिंतामण गणेश, भूखीमाता, श्री कालभैरव, श्री सिद्धवट, श्री मंगलनाथ, श्री हरसिद्धि तथा अन्त में भगवान श्री महाकाल के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर संभागायुक्त का श्री मंगलनाथ मन्दिर के महन्त श्री राजेन्द्र भारती ने भगवान श्री मंगलनाथ की तस्वीर, दुपट्टा, प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। श्री महाकालेश्वर मन्दिर में संभागायुक्त श्री सिंह का सहायक प्रशासन श्री मूलचन्द जुनवाल ने प्रसाद, दुसाला भेंट कर सम्मानित किया। देवदर्शन के दौरान संभागायुक्त के साथ संयुक्त आयुक्त श्री आर. के. वर्मा, एसडीएम श्री पवन बारिया, एसडीएम श्रीमती कृतिका भीमावत उपस्थित थे। संभागायुक्त का उज्जैन आगमन के पूर्व तपोभूमि पर प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया।

# एमवायएच में नवजात शिशुओं की मौत के बाद अलर्ट, देपालपुर अस्पताल में भी चूहों की मौजूदगी ने बढ़ाई चिंता

**रणजीत टाइम्स**

देपालपुर। एमवाय अस्पताल के एनआईसीयू वार्ड में दो नवजात शिशुओं की मौत के बाद हड़कंप मच गया है। परिजनों ने आरोप लगाया था कि शिशुओं की मौत चूहों के काटने से हुई। इस सनसनीखेज घटना के बाद अब देपालपुर के सरकारी अस्पताल की स्थिति भी चिंता का विषय बन गई है। अस्पताल स्टाफ का कहना है कि नगर परिषद की ओर से दवाइयों का छिड़काव कराया गया था, लेकिन इसके बावजूद स्टाफ रूम और अन्य वार्डों में चूहों की आवाजाही बनी हुई है। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि स्टाफ रूम के ठीक पास प्रसूति वार्ड है, जहां प्रसूति महिलाओं के साथ नवजात शिशु भी भर्ती रहते हैं। ऐसे में सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा बना हुआ है। अस्पताल में चूहों की मौजूदगी ने इंदौर एमवायएच की घटना को देखते हुए स्थानीय स्तर पर अलर्ट बढ़ा दिया है। नागरिकों और स्वास्थ्यकर्मियों की मांग है कि देपालपुर एसडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी और मुख्य ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. वंदना केसरी तत्काल संज्ञान लें और ठोस कदम उठाएं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि इंदौर हाईकोर्ट ने एमवायएच में नवजात शिशुओं की मौत की गंभीरता को देखते हुए सरकार को फटकार लगाई है और 15 सितंबर तक गठित जांच समिति की रिपोर्ट पेश करने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर चूहों जैसे बुनियादी खतरे को क्यों अनदेखा किया जा रहा




है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते रोकथाम नहीं की गई तो देपालपुर में भी किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल लोग प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई की राह देख रहे हैं।

# कारखाने को बंद होने से बचाने के लिए गन्ना लगाएं-किशोरीदेवी ठाकुर

**बुरहानपुर,** (निप्र)। नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती किशोरीदेवी शिवकुमारसिंह ने किसान भाईयो से निवेदन किया है कि वे कारखाने को बंद होने से बचाने के लिए गन्ना लगाए।

उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ठाकुर नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित नवल नगर बुरहानपुर मध्यप्रदेश हानि में चल रहा हैं। कारखाने को सफलतापूर्वक चलाने हेतु कारखाने को 6 लाख मेट्रीक टन गन्ने की आवश्यकता है और अच्छे से चलाने के लिये इसमें बढोत्तरी की जाना चाहिये। विगत 3 वर्षों से कारखाने का संचालन शासन द्वारा किया जा रहा हैं।



इस वर्ष कारखाना क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना फसल विरुद्ध पर्याप्त अग्रिम नहीं मिलने व कारखाने के पास इफको खाद की एजेंसी होने के बाद भी कृषकों को रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं कराने से गन्ने की लागवड़ में कमी होती जा रही हैं जिसके कारण इस वर्ष मात्र 1 से डेढ लाख टन गन्ना क्रशिंग होना है। इसी प्रकार से कारखाने का संचालन शासन द्वारा होता रहा तो नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित नवल नगर बुरहानपुर को अन्य सहकारी संथाओं की तरह बंद होने में समय नहीं लगेगा। अतः कारखाना क्षेत्र के किसान भाईयों से निवेदन है कि कारखाने को बंद होने से बचाने के लिए गन्ना लगाये ताकि कारखाना बंद होने से बच सके। अतः निवेदन है कि कारखाना कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक गन्ना फसल लगाने हेतु उचित प्रयास करें। गन्ना ही एकमात्र ऐसी फसल जो आंधी तूफान से भी मुकाबला करने में सक्षम हैं और गन्ने के भाव भी निश्चित होते हैं इस लिए अधिक से अधिक गन्ना फसल लगाकार कारखाने के संस्थापक अध्यक्ष श्री शिवकुमारसिंहजी के सपनों को साकार करने में सहयोग करे इसके लिए हम सतत आपके साथ हैं।





# जिले के 96 होनहार विद्यार्थियों को मिला स्कूटी का उपहार

## चिटनिस ने विद्यार्थियों से किया संवाद

**बुरहानपुर,** (निप्र)। बुरहानपुर जिले के 96 होनहार विद्यार्थियो को स्कुटी हेतु राशि अंतरित की गयी। बुरहानपुर विधानसभा में विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुख्य अतिथी के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुई वही नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू ने भी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशभर के सरकारी विद्यालयों के 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 7,832 मेधावी छात्रों को स्कूटी की चाबी सौंपकर सम्मानित किया। इसी तारतम्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, एमआईसी सदस्य धनराज महाजन, रूद्रेश्वर एंडोले, सुमित बोरले, जिला शिक्षाधिकारी संतोषसिंह सोलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

इसी प्रकार नेपानगर विधानसभा की शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार जिला बुरहानपुर में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र सुजान चैहान तथा छात्रा जानकी राठौड के खातें में स्कूटी की राशि ऑनलाईन आंतरित की गई साथ ही विद्यार्थियों को भोपाल से लाईव प्रसारण के माध्यम से प्रदेश स्तरीय कार्यकम भी दिखाया गया। विधायक मंजू दादु ने विद्यार्थियों को संबोधित कर बेहतर शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 26 साईकल का वितरण भी छात्र/छात्राओं को किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपानगर विधानसभा की लोकप्रिय विधायक सुश्री मंजू दादू , जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम मार्को, भाजपा युवा नेता श्री गजेन्द्र पाटील, जिला पंचायत सदस्य श्री अशोक पटेल, पूर्व राज्य मंत्री श्री संजय जाधव, जनपद सदस्य श्री गोकुल पाटील तथा विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश तकझरे, वरि. व्याख्याता श्री प्रकाश चैधरी, श्री एकनाथ चैधरी, श्री किशोर जाधव एवं शाला का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

बुरहानपुर जिले के 96 विद्यार्थियों को स्कूटी हेतु 89 लाख 70 हजार रूपए की राषि उनके खातों में अंतरित की है। इसमें 11 विद्यार्थियों को ई-स्कूटी के लिए 1 लाख 20 हजार प्रति विद्यार्थी तथा 85 विद्यार्थियों को पेट्रोल स्कूटी स्कूटी के लिए 90 हजार रूपए प्रति विद्यार्थी को प्र्दाय की है।बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र की 28 शालाओं के 22 बालक, 27 बालिका इस प्रकार कुल 49 तथा नेपानगर विधानसभा क्षेत्र की 22 शालाओं के 23 बालक एवं 24 बालिकाओं कुल 47 विद्यार्थियों को स्कूटी के लिए राषि प्रदाय की गई।

# सेवासदन के विद्यार्थियों ने शिक्षकों का किया सम्मान

**बुरहानपुर,** (निप्र)। सेवासदन षिक्षा महाविद्यालय में बी.एड. एवं डी.एल.एड. के विद्याथ्र्यिों द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म-दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए षिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में षिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवासदन शिक्षा समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर मनीष पटेल, प्राचार्य डॉ. जगदीष आसखडके, डॉ. एस.एम. शकील डॉ. मोहन सोनी, डॉ. हर्षद दीक्षित, डॉ. राहुल राठौर, प्रो. नेहा चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय के समस्त षिक्षकों सहित नॉन टिचिंग स्टॉफ का पुष्पगुच्छ एवं



उपहार भेंटकर सम्मान किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने जीवन में गुरूजनों के महत्व को बताया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कर खेलों का आयोजन किया जिसका सभी ने आनंद उठाया। सेवासदन शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीष आसखडके ने विद्यार्थियों को समाज में अपना उच्चतम स्थान हासिल करने हेतु प्रेरित किया एवं विभिन्न पदों पर प्रतिष्ठित होने हेतु अनुशासन एवं कडी मेहनत को सर्वोपरी कहा। सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर ने विद्यार्थियों द्वारा किये गये शिक्षक सम्मान समारोह की सराहना की एवं सभी को शिक्षक दिवस की बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर प्रो. वैषाली जैस्वाल, डॉ. शिवकुमार सेजकर, डॉ. राजेष काले, डॉ. अनीष पटेल, प्रो. चेतन खैरनार, प्रो. निलिमा मौर्य, डॉ. सुषील माहेष्वरी, प्रो. प्रीति मिश्रा सहित बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संयुक्त दौरा कार्यक्रम

**बुरहानपुर,** (निप्र)। नेपानगर विधानसभा के ग्राम दरियापुर , सारोला और खकनार में कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ नेता एवं बुरहानपुर जिले के प्रभारी माननीय ग्यारसीलाल रावत जी एवं अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर (ग्रामीण) रविंद्र महाजन जी का संयुक्त दौरा कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मंडलम अध्यक्ष..ब्लॉक अध्यक्ष.. एवं बी एल ए के पूर्ण गठन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई ।



## बैंक द्वारा चलाया गया सफाई अभियान

**बुरहानपुर,** (निप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफाई अभियान से प्रभावित म.प्र. ग्रामीण बैंक के बुरहानपुर जिले की शाखाओ में कार्यरत अधिकारियो और कर्मचारियो द्वारा ताप्ती नदी पर सफाई अभियान चलाया गया। बुरहानपुर के शाखा प्रबंधक सुनिल पाटीदार और लालबाग के शाखा प्रबंधक रोहित पाटीदार के दिशा निर्देशन में अधिकारियो एवं कर्मचारियो द्वारा ताप्ती नदी पर सफाई अभियान चलाया गया। दिनांक 10 सितंबर रविवार के दिन चलाए गए इस अभियान में बैंक की सभी शाखाओ के अधिकारियो और कर्मचारियो ने भाग लिया।

# नगर निगम द्वारा लोक अदालत का आयोजन 13 को

## संपतिकर, राजस्व कर जमा ना करने वाले बड़े बकायादारों की संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी

बुरहानपुर, (निप्र)। नगर निगम आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में बकाया करदाताओं के लिए विशेष छूट लाभ लेने हेतु नगर निगम द्वारा सेवा सदन विधि लॉ कॉलेज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है । शासन के निदेर्षानुसार शनिवार दिनांक 13 सितंबर 2025 को नगर निगम द्वारा विधि सेवा सदन लॉ कॉलेज परिसर में आयोजित की जायेगी

नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक किया जायेगा । संपत्तिकर राजस्व कर एवं निजी जलकर के बकाया करदाताओ से करो की वसूली मे अधिभार/सरचार्ज मे छूट का लाभ प्रदान किया जावेगा। करो के अधिभार/सरचार्ज मे छूट का



लाभ केवल दिनांक 13 सितंबर 2025 (शनिवार) को ही लागु रहेगा। निकाय क्षेत्र में जो बड़े बकायादारों पर कर बकाया है वह नेशनल लोक अदालत में कर जमा करे अन्यथा निगम द्वारा उन पर कानूनी कार्रवाई कर उनकी संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी अतः सभी बकाया करदाताओं को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा विशेष अभियान के तहत अधिभार / सरचार्ज मे मिलने वाली छूट का अधिक से अधिक लाभ लेवे ।

## लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बुरहानपुर,** (निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों के लंबित मांगों को लेकर जिला स्तरीय ज्ञापन जिला बुरहानपुर में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह सोलंकी को राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप इंगले एवं मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव संजयसिंह गहलोत, जिला अध्यक्ष सुनिता महाजन,जिला सचिव कैलाश राठौड़, कोषाध्यक्ष सुनिल कोटवे शांताराम निंभोरे, आसिफ पिंजारी के नेतृत्व में सौपो विभिन्न मांगों का निराकरण नहीं होने पर एक सप्ताह बाद मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा जिला स्तरीय धरना दिया जायेगा।

# मुख्य मंत्री मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव काफिले के साथ मानपुर आगमन हुआ

## भोजन धोलाकुंडा वन विभाग के रेस्ट हाउस पर किया–नगर में कई स्थानों पर आत्मीय स्वागत किया गया

**मानपुर(इस्माइल सैफ़ी)। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव का बुधवार को दोपहर पौने तीन बजे काफिले के साथ मानपुर आगमन हुआ। नाका चौक पर मानपुर टेंट हाउस, मूलचंद जाट सचिन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष रवीना पवन यादव के निवास पर भी स्वागत किया गया।इसके बाद काफिले के साथ धोलाकुंडा रेस्ट हाउस पहुँचे। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रवि यादव नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजयमो जिला उपाध्यक्ष पवन यादव, पूर्व सरपंच घनश्याम भंडारी, विनोद कुमरावत, गोकुल चौहान, दिलीप तोमर, राजू ठाकुर, सचिन**

शर्मा, हुकुम साहू, सहित अनेक लोगो ने स्वागत किया।



नाका चौक उंडवा रोड़ पर मूलचंद जाट के यहां मूलचंद जाट व सतीश जाट ने शाल श्रीफल भेंट किया नव्या लेखराज जाट ने तिलक कर आगवानी की। इसके बाद वे सीधे इमली रोड़ पर सचिन जाट के निवास पर पधारे वहां सचिन शर्मा सहित परिजनों ने तिलक कर शाल श्रीफल व



मालवी पगड़ी पहनाकर व भगवान की तस्वीर भेट कर भव्य आत्मीय आगवानी की। यहाँ से काफिले के साथ गवलीपुरा स्थित नगर परिषद अध्यक्ष रवीना पवन यादव,व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रवि यादव के निवास पर पहुँचे। यहां पर रवीना यादव, पवन यादव, रवि यादव, जगदीश यादव, सहित परिजनों ने साफा बांधकर शाल श्रीफल पुष्पमाला से स्वागत किया। रवि यादव परिवार ने माँ आशापूर्णा देवी की तस्वीर भेट की इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक जगदीश यादव भाजपा नेता विनोद जाट, जितेंद्र बाजडोलिया, घनश्याम भंडारी गोकुल चौहान दिलीप तोमर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यहां से श्री नारायण यादव उनके साथ आए व मानपुर के लोगो के साथ धोलाकुंडा रेस्ट हाउस पहुँचे। यहां पर उनसे मिलने के लिए कई गणमान्य लोग पहुँचे। लान में बैठकर उन्होंने सभी लोगो से मिले व चर्चा की। यही रेस्ट हाऊस में उन्होंने साथियों सहित भोजन किया। समाज के लोगो के साथ ही अन्य लोगो से बड़ी सादगी और आत्मीयता के साथ मिले। मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह हीहोरे मय स्टाफ के साथ मानपुर से धोलाकुंडा तक व वापसी तक साथ रहे। मुख्यमंत्री के बड़े भाई नारायण यादव से जो भी मिला उनके सादगी,व सहज सरल व्यवहार की तारीफ किए बिना नही रह सका।



# स्वदेशी अपनायेंगे तो स्थानीय कारीगर एवं छोटे उद्योग लाभान्वित होंगे

## स्वदेशी जागरण मंच ने आयोजित किया स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम

**मन्दसौर। आचार्य राजेंद्र सूरी शिक्षा महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच मंदसौर द्वारा स्वदेश के प्रति समर्पित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों तथा महाविद्यालय से जुड़े अन्य लोगों में स्वदेशी विचारों को प्रबल करना, स्वदेशी उत्पादों का नियमित उपयोग सुनिश्चित करना और स्वावलंबन की भावना को बढ़ावा देना था।**

इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक पं. दिलीप व्यास ने स्वदेशी की जानकारी देते हुए कहा कि स्वदेशी वस्तुएँ सिर्फ भावनात्मक स्तर पर नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, स्थानीय कारीगरों की आजीविका, पर्यावरण संरक्षण आदि से जुड़ी होती हैं। हमें विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिये। जिससे स्थानीय कारीगरों, छोटे-मोटे उद्योगों को अवसर मिलेगा व स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। विभाग सहसंयोजक अंकुश पालीवाल और जिला संपर्क प्रमुख डॉ. हेमंत नामदेव ने विस्तृत जानकारी देते हुए छात्रों को बताया कि किस तरह विदेशी वस्तुओं की अधिक आयात पर निर्भरता हम-हमारे स्थानीय उत्पादन और रोजगार को प्रभावित करती है। संबंधित उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि स्वदेशी वस्तुओं का चयन कैसे रोजमर्रा के जीवन में किया जा सके। जिला संयोजक दिलीप चौधरी संकल्प दिलवाया कि आगे से लोग विदेशी ब्रांड्स की बजाय स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे चाहे वह ग्रोसरी हो, कपड़े हो, दैनिक उपयोग की चीज़ें हों।

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला सहसंयोजक महेंद्र सिंह राजावत, जिला विचार प्रमुख राजेश चौहान, जिला वरिष्ठ आयाम प्रमुख वीरेंद्र आर्य, तहसील संयोजक अभिजीत सिंह मंडलोई, संजय नीमा, धर्मेंद्र रामावत, जितेंद्र पाटीदार, कनिष्क शर्मा, सतीश बैरागी सहित महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विकासखंड स्तरीय आदि योगी कर्मी अभियान का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ

**बड़वाह।** अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत बड़वाह में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस इसका उद्घाटन जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य संतोष मालवीय, अनुविभागीय अधिकारी सत्यनारायण दर्रो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश कुमार जैन के सानिध्य में हुआ, मुख्य प्रशिक्षक सतविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि आदि कर्म योगी अभियान के तहत मुलभूत सुविधाओं से वंचित अनुसूचित जनजाति समुदाय को सरकारी विभागों से समन्वय स्थापित कर सहयोग करते हुए विकास की पटरी पर लाना है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस प्रशिक्षण में पांच विभागों के राजेश सोहनी, जगदीश खेड़ेकर, रेखा पटेल, सुनीता चौहान, मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अलग सत्रों में एक्टिविटी के माध्यम से इस योजना के बारे में विस्तृत रूप से समझाया, इस अभियान में विकासखंड के 28 ग्रामों को जोड़ा गया है। इसमें टीम वर्क के तहत सहयोग से जनजातीय समुदाय के बीच पहुंचकर आदि कर्मयोगी अभियान से ग्राम वासियों को जोड़ना है। जिससे समुदाय का समुचित उत्थान हो सके। सभी आदिवासी बहुल गांवों में आदि सेवा केन्द्र स्थापित किया जाएगा। जिसमें समुदाय अपनी समस्याओं को रख सकें। आदि केन्द्र में आने वाली समस्याओं का त्वरित निष्पादन अधिकारियों द्वारा किया जा सके। उनकी जरुरतों के अनुरूप योजना बनाकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी निगरानी केंद्र एवं राज्य सरकार संयुक्त रूप से करेगी। पांच वर्षों का लक्ष्य रखकर विकास का खाका तैयार किया जाएगा। मौके पर 28 ग्रामों के पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा समेत अन्य विभागों के कर्मी मौजूद थे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश साद, मुकेश साद, द्वारका सिटोले , संतोष मालवीय ने एक स्वर में सभी कर्मचारियों को सेवा, संकल्प, समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया ताकि इस अभियान को शत प्रतिशत धरातल पर लागु किया जा सके, कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश जैन ने जनप्रतिनिधियों का आभार माना और उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# पत्रकारों के हित में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**झाबुआ। पत्रकार बीमा योजना के आवेदन की तारीख बढ़ाई जाने एवं बीमा प्रीमियम राशि कम करने की मांग करते हुए, 11 सितंबर 2025 को भारतीय पत्रकार संघ झाबुआ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।**

उक्त ज्ञापन पत्र भारतीय पत्रकार संघ (ए.आई.जे.) भोपाल के निर्दशानुसार 11 सितंबर 2025 को पत्रकार संघ के नवीन जिलाध्यक्ष कलसिंग भूरिया के नेत्रत्व मे मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर झाबुआ को दिया गया। जिसमे मुख्यमंत्री से मांग की गई की मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पत्रकार बीमा सुरक्षा की सुविधा दी जाती है। इस योजना के तहत पत्रकारों को आवेदन करने की अंतिम तारीख 22 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है। यह की वर्तमान में केंद्र सरकार ने त्रस्ज्ञ से सभी प्रकार के बीमा को मुक्त कर दिया है, इसलिए पत्रकार बीमा की तारीख आगे की जाए जिससे प्रदेश के पत्रकारों को त्रस्ज्ञ का लाभ भी मिल सके और प्रीमियम राशि कम हो ,साथ ही सरकार ने जो बीमा प्रीमियम राशि बढ़ाई है वो भी पिछले वर्षो की तरह ही रखी जाए, जिससे सभी पत्रकारों को बीमा प्रीमियम राशि का लाभ मिल सके, जिसका फायदा प्रदेश के पत्रकारों को मिलेगा। इस दौरान कलसिंग भूरिया,जिलाध्यक्ष, रणवीर सिसोदिया, प्रवीण सोलंकी आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# किसान भाईयों को सलाह- उचित समय पर सोयाबीन फसल की कटाई करें

**रतलाम।** उपसंचालक कृषि श्रीमती नीलम सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि, सोयाबीन की खेती किये जाने वाले क्षेत्र में कृषकों द्वारा लगाई शीघ्र समयावधि में पकने वाली किस्में अब पकने की स्थिति में है। जबकि मध्यम एवं देर से पकने वाली किस्मों में दाने भरने की स्थिति में है। किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि, सोयाबीन की शीघ्र पकने वाली किस्मों में 90 प्रतिशत फलियों का रंग पीला पडने पर फसल की कटाई कर सकते है। सोयाबीन की फलियों में दाने भरने या परिपक्वता की अवस्था में फसल पर होने वाली लगातार बारिश से दाने अंकुरित होने की संभावना हो सकती है। अतः उचित समय पर सोयाबीन फसल की कटाई करें। जिससे फलियों के चटकने से होने वाले नुकसान या फलियों के अंकुरित होने से बीज की गुणवत्ता में आने वाली कमी से बचा जा सके। किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि, सोयाबीन की कटाई पश्चात् फसल को पक्के फर्श पर सुखाने के बाद गहाई करके मण्डी में अपनी उपज को ले जा सकते है। जिससे मण्डी में भाव अच्छा मिले।

## पार्क ने इन्दौर में अपना एआई सक्षम स्मार्ट वाहन मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च किया

**इन्दौर।** भारत के सबसे बड़े स्मार्ट वाहन मैनेजमेंट सिस्टम प्रदाता, पार्क+ ने आज इन्दौर में अपना एआई सक्षम स्मार्ट वाहन सिस्टम लॉन्च किया। पार्क+ के एआई सक्षम स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल सिस्टम के साथ, इंसानी हस्तक्षेप कम से कम होगा, जिससे प्रतीक्षा समय में भारी कमी आएगी और रेज़िडेंशियल सोसायटी, मॉल और कॉर्पोरेट पार्कों में प्रवेश करने वाले कार मालिकों को वास्तव में डिजिटल अनुभव प्राप्त होगा। पार्क+ AI सक्षम सिस्टम भारत भर में 40 से अधिक शहरों, 10,000 रेज़िडेंशियल सोसायटी, 600 कॉर्पोरेट पार्कों और 100 मॉल में मौजूद हैं। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, पार्क+ के संस्थापक और सीईओ, अमित लखोटिया ने कहा, पार्क कार मालिकों के नज़रिये से रेज़िडेंशियल सोसाइटियों, कॉर्पोरेट पार्कों और मॉल्स को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने के लिए सचेत प्रयास कर रहा है। इस रणनीति के तहत, हमने इन्दौर में अपनी एआई सक्षम स्मार्ट वाहन मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया है, ताकि कार मालिकों के लिए कारों के इस्तेमाल के अनुभव को बढ़ाया जा सके और प्रॉपर्टी मैनेजर्स के लिए वाहनों के मैनेजमेंट को सहज बनाया जा सके।

# विधिक सेवा व प्रकृति संरक्षण अभियान- बच्चों की तरह पेड़ों का करें पालन-पोषण-न्यायाधीश सरोज डेहरिया



**सिवनीमालवा।** ग्राम पंचायत भवन रावनपीपल में पंचायती राज के तहत विधिक सेवा प्रकृति की रक्षा अभियान और विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश सरोज डेहरिया ने कहा कि जैसे हम अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं, उसी तरह पेड़ों का पालन करेंगे तो मानव जीवन सुरक्षित रहेगा।उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। जब तक पेड़ रहेंगे, तभी तक जीवन सुरक्षित रहेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ों को अपने बच्चों की तरह पालना चाहिए।कार्यक्रम में न्यायाधीश डेहरिया ने विधिक साक्षरता की जानकारी देते हुए बताया कि असहाय और अधिवक्ता नियुक्त करने में असक्षम लोगों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। कानून की जानकारी सभी को होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 13 सितंबर को न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आपसी सहमति से प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा। यह नेशनल लोक अदालत हर तीन माह में आयोजित की जाती है।शिविर के अंत में न्यायाधीश डेहरिया ने पंचायत भवन परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रावनपीपल के सरपंच कैलाश चंद्र बटोरिया, सचिव महेंद्र सेजकर, शिक्षक रामसिंह रघुवंशी, श्रीमती पुष्पा चौहान, कमला रघुवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आगामी नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार रथों को किया रवाना



**मंडलेश्वर।** नेशनल लोक अदालत जिला मुख्यालय मंडलेश्वर एवं तहसील मुख्यालय खरगोन भीकनगांव सनावद बड़वाह कसरावद और महेश्वर न्यायालय में 13 सितम्बर शनिवार को आयोजित होगी।नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अखिलेश जोशी द्वारा प्रचार वाहनों को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री पंकज सिंह माहेश्वरी नेशनल लोक अदालत प्रभारी विशेष न्यायाधीश श्री मसूद एहमद खान जिला न्यायाधीश श्री सुजीत कुमार सिंह जिला न्यायाधीश श्री रवि झारोला जिला न्यायाधीश राजकुमार चौहान जिला न्यायाधीश दीपक चौधरी सचिव सुश्री प्रीति जैन न्यायाधीश मोहित बड़के न्यायाधीश सुश्री शिवांगनी भट्ट ,जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ विजय जोशी सचिव पुष्पेन्द्र गंगारेकर वरिष्ठ अभिभाषक संजीव मोयदे जी के पठान आर एस यादव अजय वर्मा एस एल यादव जितेन्द्र पटेल एल ए डी सी एस डिप्टी चीफ रूपेश शर्मा असिस्टेंट निशा कौशल विद्युत मंडल डिविजन कार्यालय के लीगल इंचार्ज गणेश बिडेर नगर पालिका अधिकारी कैलाश वर्मा पी एल वी दुर्गेश राजदीप जोजू मुरियाडन सुनीता भालसे हिमांशी कुशवाह नेहा बाथवे और पक्षकार उपस्थित रहे।

## श्री दिलीप सिंह डाबी का आकस्मिक निधन

**मन्दसौर।** शिक्षाविद शासकीय सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा के प्राचार्य शिक्षाविद श्री दिलीप सिंह डाबी का बुधवार सुबह 5 बजे हृदयाघात से निधन हो गया । उनके सहकारी बाजार रोड मन्दसौर स्थित निवास से अंतिम यात्रा निकली । शिवना तट मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया । उनके पुत्र मनुराजसिंह,छोटे भाई पवनसिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ो महानुभाव सम्मिलित हुए। मुक्तिधाम पर शोक सभा में पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह जी सिसोदिया, भागवत आचार्य दशरथ भाई जी,समाजसेवी डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक श्री दशरथ सिंह झाला,शिक्षाविद श्री रमेशचंद्र चंद्रे, भारतीय शिक्षा मंडल के श्री श्याम सुंदर देशमुख मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी श्री अखिलेश मेहता है प्रोफेसर डॉ.सोहनी ठाकुर साहब शैलेंद्र सिंह जी नीमच ठाकुर साहब शैलेंद्र सिंह जी इंदौर विक्रम सिंह सिसोदिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी से आनंद जी डाबर सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य श्री बी एल बसेर मनासा श्री अशोक जी वाघेला मल्हारगढ़ श्री कुमावत जावद सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा का समस्त शिक्षक ग्राम पंचायत साबाखेड़ा के सरपंच श्री परमानंद जी धनगर जनपद सदस्य श्री बंसीलाल जी धनगर श्री राजेश जी गुर्जर लालघाटी श्री चंद्र विनोद सिंह सेंगर श्री रणजीत सिंह भाटी चैन सिंह जी भाटी श्री अजय उपाध्याय अनेक शिक्षक एवं राजपूत समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# सेवा पखवाड़ा ( 17 सितंबर से 02 अक्टूबर ) को लेकर 4 भाजपा के मंडलों की बैठक सम्पन्न

## बंशीलाल गुर्जर, राजेश दीक्षित, चन्दर सिंह सिसोदिया, यशपाल सिंह सिसोदिया का मिला मार्गदर्शन

**मन्दसौर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एंव भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कल जिला भाजपा की सेवा पखवाड़ा ( 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 ) को लेकर बैठक सम्पन्न हुई थी। जिला बैठक में बनाई गई कार्य योजना अनुसार 11 सितंबर को जिले के भाजपा संगठनात्मक मंडल बसई, गरोठ, दलौदा, मंदसौर दक्षिण की सेवा पखवाड़ा विषय को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, पं.दीनदयाल जी उपाध्याय एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत मंडल पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

विभिन्न बैठकों के क्रम में भाजपा बसई मंडल की बैठक में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, मंडल अध्यक्ष जुझार सिंह गुर्जर, भाजपा नेता अर्जुन सोनी, कालुराम शर्मा, घनश्याम पांडे, संगम सूर्यवंशी, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मंडल संयोजक सह संयोजक की गरीमामय उपस्थिति में मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाडा अंतर्गत बैठक को संबोधित किया।

भाजपा दलोदा मंडल की बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश काला, मंडल अध्यक्ष सुमित सेन, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक चंद्रशेखर मंडलोई, भाजपा नेता जीवन शर्मा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मंडल संयोजक सह संयोजक की गरीमामय उपस्थिति में दलौदा मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाडा अंतर्गत बैठक को संबोधित किया। भाजपा गरोठ मंडल की बैठक में विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष




रणजीत सिंह चौहान, गरोठ मंडल अध्यक्ष गोकुल सिंह चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक मांदलिया, भाजपा नेता श्याम सिंह चौहान, राजेश चौधरी, सेवा पखवाडा कार्यक्रम मंडल संयोजक सह संयोजक की गरीमामय उपस्थिति में मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत बैठक को संबोधित किया।

भाजपा दक्षिण मंडल की बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया एंव भाजपा जिला महामंत्री विजय अठवाल ने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक प्रितेश चावला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश पालीवाल, राजेश नामदेव, मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र जटिया, अमन फरक्या की सेवा पखवाडा कार्यक्रम मंडल संयोजक सह संयोजक की गरीमामय उपस्थिति में मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत बैठक को संबोधित किया। अतिथिगणों द्वारा आयोजित सभी बैठको को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश नेतृ?व की मंशानुसार हम प्रधानमंत्री नरे?द्र मोदी जी का जन्?म दिन सेवा पखवाडे के रूप में 17 सिंतबर से 2 अक्टूबर तक मनाने जा रहे है जिसमें 17 सितम्बर 2025 को स्वच्छता अभियान (सार्वजनिक स्थानो पर) एंव रक्तदान शिविर (प्रथम चरण), 17 सितम्बर से 24 सितंबर 2025 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 रक्तदान शिविर (द्वीतिय चरण), 19 व 20 सितम्बर 2025 प्रबुद्धजनों से संवाद, प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तकों का वितरण एंव प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्टूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, 25 सितम्बर 2025 को पंडित दीनदयाल जयंती एंव आत्मनिर्भर भारत एंव स्वदेशी विषय पर चर्चा, एक पेड मॉ के नाम वृक्षारोपण एंव पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय के चित्र पर पुष्पाजंली, बूथ कार्यकर्ता के घर बैठक व कार्यकर्ता के घर भोजन, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, 27 व 28 सितम्बर 2025 को दिव्यांगो के उपकरण वितरण एंव मोदी जी को शुभकामना एंव धन्यवाद देना व अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान करना, 02 अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती एंव लाल बहादुर शास्त्री जयंती व स्वच्छता अभियान, 29 अगस्त से 25 दिसबंर 2025 सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता जिसका पंजीयन 29 अगस्त से 20 सिंतबर 2025 एंव प्रतियोगिता का आयोजन 21 सिंतबर से 25 दिसंबर 2025 तक किया जायेगा। साथ ही विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता (सरकार द्वारा), 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक नमो उपवन एंव नमो पार्क का संधारण करना। मुझे पूर्ण विश्वास है की आप सभी के सहयोग एंव मंडल कार्यशालाओं के माध्?यम से हम मंदसौर जिले में ऐतिहासिक सेवा पखवाड़ा मनाने में सफल होगें। इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 15 अगस्त को लालकिले की प्राचीर से त्नस्ञ्ज रिर्फाम की घोषणा की जिसमें 5 तरह के ञ्जड्ड× स्द्यड्डढ्ढ को समाप्त कर सिर्फ 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत पर फिक्स कर दिया गया। जिससे की छोटे बढे उद्योगों, निमार्ताओं और जनता जनार्दन को 22 सितंबर से काफी राहत प्रदान होगी। हमें इसकी विषय की भी चर्चा बूथ स्?तर तक करनी है। मंडल की बैठको में अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी गण कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 सितम्बर को करेंगे गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का शुभारंभ

**मंदसौर /नाहरगढ (तुलसीराम राठौर)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 सितम्बर को गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के चौथे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। यह रिट्रीट लल्लूजी एंड संस द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के सहयोग से विकसित किया गया है, जो लक्ज़री कैंपिंग, एडवेंचर टूरिज्म और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संगम है। गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के दौरान पर्यटक टेंट सिटी में हॉट-एयर बलूनिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्कीइंग, कायाकिंग और मोटर बोटिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। साथ ही, हिंगलाजगढ़ किले की हेरिटेज ट्रेल, गांधीसागर अभयारण्य में वन्यजीव सफारी और ग्रामीण जीवन के अनुभव भी पर्यटकों के आकर्षण का हिस्सा रहेंगे।

इस रिट्रीट में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता पर विशेष ध्यान दिया गया है। लगभग 2,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित बटरफ्लाई गार्डन में 4,000 से अधिक पोषक एवं पराग प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। यहां पहले से ही 40 से अधिक तितली प्रजातियां दर्ज की जा चुकी हैं। यह केंद्र शिक्षा एवं इंटरप्रिटेशन स्थल के रूप में पर्यटकों को तितलियों के जीवन चक्र की जानकारी प्रदान करेगा। इसके अलावा इस सीज़न में रॉक आर्ट इंटरप्रिटेशन ज़ोन, जो चतुर्भुज नाला की प्राचीन शैलचित्र कला से प्रेरित है, तथा बायोडायवर्सिटी वॉक जैसी गतिविधियां भी शामिल की गई हैं। पर्यटक इस रिट्रीट में गाइडेड बटरफ्लाई गार्डन टूर, नेचर वॉक, बर्ड वॉचिंग, वाटर स्पोर्ट्स (स्पीड बोट, बनाना राइड, जेट स्की, कयाकिंग) और हवाई एडवेंचर (हॉट एयर बैलूनिंग व पैरामोटरिंग) जैसी शानदार गतिविधियों का अनुभव लेकर प्रकृति के और करीब आ सकेंगे।

# ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम हाई स्कूलगणपुर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**मनावर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विद्यालय की ओर से शिक्षकों का सम्मान का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकुल केंद्र गणपुर के वरिष्ठ जन शिक्षक अरुण पांडे एवं जन शिक्षक रमेश का कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम के विशेष अतिथि विद्यालय के संचालक पंडित विजय कामदार कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रचलन कर किया गया इस कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों का स्वागत विद्यालय के संचालक पंडित विजय कामदार ने किया स्वागत के पश्चात विद्यालय में अध्यापन का कार्य कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं का अतिथियों के स्वागत पुष्प गुछद्वारा एवंशाल श्रीफल सम्मान पत्र एवं स्मृति



चिन्ह से सम्मान किया इसी क्रम में विद्यालय में प्रतिवर्ष विद्यालय के पूर्व शिक्षक शिक्षिकाओं का भी प्रतिवर्ष सम्मान किया जाता है इस वर्ष शिक्षक प्रदीप दीक्षित का अतिथियों के द्वारा स्वागत शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह से स्वागत किया इसके पश्चात विद्यालय में आए अतिथियों का विद्यालय की ओर से संचालक पंडित विजय कामदार द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण पांडे का पुष्प हार शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह बैठकर सम्मान किया इसी के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रमेश का ग काभी पुष्पहार से शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया इसी क्रम में विद्यालय के संचालक पंडित विजय कामदार का विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शोभना पाटीदार विद्यालय की कोऑर्डिनेटर निशिका पाटीदार एवं विद्यालय की कोऑर्डिनेटर मीना वर्मा एवं समस्त शिक्षिकाओं के द्वारा भी पुष्प गुछ एवं शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया स्वागत के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण पांडे ने शिक्षक की भूमिका एवं शिक्षक के महत्व पर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया एवं रमेश काग द्वारा भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया विद्यालय में सम्मान में आए शिक्षक प्रदीप दीक्षित ने भी सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन अमृता मुकाती कार्यक्रम का आभार संचालक पंडित विजय कामदार माना।

# नाकोड़ा ग्रुप का तीर्थ यात्रा संघ तीसरे दिन जोधपुर से ओसियाजी पहुंचा

**रणजीत टाइम्स**

राजगढ़ । राजगढ़ से प्रतिवर्ष निकलने वाला जैन तीर्थ यात्रियों का संघ 8 तारीख को यात्रा संयोजक अशोक भंडारी के नेतृत्व में राजगढ़ से रवाना हुआ था जिसमें 60 तीर्थ यात्री शामिल है ,इसमें राजगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र के अलावा गुजरात के भी कई यात्री शामिल है ।यह यात्रा संघ तीसरे दिन करेड़ा पार्श्वनाथ से चारभुजा जी ,नाडोल ,जोधपुर होते हुए रात्रि में ओसियाजी पहुंचा । सभी संघ यात्रियों ने नाडोल में आशापुरा माताजी के दर्शन वंदन किये उसके पश्चात जोधपुर के प्रसिद्ध संबोधी धाम में रात्रि विश्राम हुआ ।जोधपुर मे संघ यात्रियों ने मेहराबगढ़ का कीला ,उम्मेद पैलेस ,कायलाना झील ,माचिया पार्क आदि जगह का भ्रमण किया ।उसके पश्चात जोधपुर में अखिल भारतीय सिंघवी भाईपा संगठन द्वारा सभी संघ यात्रियों के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था कि उसके पश्चात संघ के प्रमुख लोगों का बहुमान भी किया।रास्ते मैं पद्मावती धाम के दर्शन करते हुए सघं रात्रि में ओसिया जी तीर्थ पहुंचा जहां रात्रि विश्राम हुआ। यह यात्रा संघ आगे रामदेवरा ,लोदरवा,जैसलमेर ,नाकोड़ाजी ,भांडवपुर,जीरावाला जी ,बामनवाड़ी ,केसरीयाजी आदि तीर्थ की यात्रा कर 17 तारीख को राजगढ़ वापस पहुंचेगा।सभी जगह नाकोड़ा ग्रुप द्वारा सभी संघ यात्रियों के लिए ठहरने एवं नाश्ता एवं भोजन की सुंदर व्यवस्था रखी है ।यह इस संघ का 27 वा वर्ष है ।उक्त जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भंडारी ने दी।

# जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं



प्रिय मयंक राय,सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर
आपके जीवन का हर दिन खुशियों से भरा रहे,
सफलता और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को आप छुएं,
आपका स्वास्थ्य उत्तम रहे और मन प्रसन्नचित्त बना रहे।
भगवान से यही प्रार्थना है कि
आपके जीवन में सुख-समृद्धि,
आनंद और अपार सफलता सदैव बनी रहे।

## गत दिनों इंदौर के बजरंग दल एवं भाजपा नेता द्वारा श्रीमती सोनिया गांधी स्वर्गीय राजीव गांधीश्री राहुल गांधी जी के संबंध में अर्नगल भद्दी टिप्पणी के संबंध में प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर थाना पंढरीनाथ का घेराव कर लिखित रिपोर्ट दर्ज करा कर इंदौर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह जी के नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी श्री अजय राजोरिया जी को सोपा

इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के करवाहक-अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में पंढरीनाथ थाना प्रभारी एवं थाने का घेराव कर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराकर एक ज्ञापन इंदौर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह यादव के नाम थाना पंढरीनाथ थाना प्रभारी श्री अजय राजोरिया को एक ज्ञापन आवेदन सोपा गया। जिसमें बताया गया कि म.प्र. राजीव विकास केन्द्र एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा इस लिखित पत्र के माध्यम से लिखित रिपोर्ट दर्ज कराते है कि बजरंग दल एवं भाजपा नेता तन्नु शर्मा द्वारा इंस्टाग्राम रिल के माध्यम से बहु प्रचारित किया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, देश के प्रतिपक्ष लोकसभा नेता श्री राहुल गांधी के संबंध में अर्नगल भद्दी टिप्पणी की है कि जो कि अपराध की श्रेणी में आता है इससे भाजपा का असली चाल चरित्र चेहरा उजागर हो गया है। भाजपा एवं बजरंग नेता द्वारा इंस्टाग्राम केमाध्यम से बहु प्रचारित भद्दी अर्नगल टिप्पणी करते हुये कहा जा रहा है जोकि कहने लायक नहीं है, की गई टिप्पणी देश को हिला देने वाला बयान है। यह बयान घटिया व्यक्ति अपनी घटिया मानसिकता से खुद को बेनकाब करता है। आज पूरा देश देख रहा है कि भाजपा एवं उसके नेता धर्म की आढ लेकर समाज में जहर घोल रहे है और अब तो श्री राहुल गांधी जी की मां और स्व. पिता राजीव गांधी के खिलाफ अपशब्द भद्दी टिप्पणी बोल रहे है । हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भाजपा एवं महिला नेत्रियों से पूछना चाहते है कि इस तरह की टिप्पणी से आप सभ चूप रहेंगे क्या पूरी भाजपा का चाल चरित्र चेहरा यही है कि मां बहनों पर गंदी राजनीति करेंगे। क्या यह वही पार्टी नही है जो खुद को संस्कार व संस्कृति को अपना ठेकेदार बताती है ।

यादव ने कहा है की सच्चाई यह है कि भाजपा की राजनीति झूठ, नफरत और चरित्रहीनता पर टिकी है। जब मुद्दों पर बात करने की ताकत खत्म हो जाती है, तब वे व्यक्तिगत और परिवार पर कीचड़ उछालते हैं। अब तो श्री राहुल गांधी जी की माँ श्री मति सोनीय गाँधी जी के खिलाफ अब शब्दों भद्दी टिप्पणी बोल रहे हैं अव-देश का हर नागरिक पूछ रहा है कि श्री नरेंद्र मोदी जी भाजपा और उनकी महिला महिला नेत्रियां चुप क्यों है इस गंदी सोच की सहमति है भाजपा का असली चाल चरित्र चेहरा बेनकाब हो गया है कि वह महिलाओं के संबंध में किस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं और किस हद तक जा सकते हैं यह भाजपा ने सिद्ध कर दिया हे अब देश पूछ रहा है – मोदी जी, आपकी चुप्पी क्या इस गंदी सोच की सहमति है? उक्त बिन्दुओं को संज्ञान में लेतेहुये बजरंग दल भाजपा नेता तन्नु शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाए एवं शीघ्र गिरफ्तार किया जाए

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व संभागीय प्रवक्ता सनी राजपाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शेलू सेन शेख शकीरा जगदीश जाम्बेकर दानिश खान कमलेश पटेरिया पुनीत कपूर





हेमंत आहूजा यशपाल गहलोत गोविंद शर्मा प्रतीक मित्तल राजा खान पीके उपाध्याय सलमान पठान विनोद वर्मा अश्विन जोशी अशोक चौधरी शेख सलीम दीपक साहू भूरामाल शर्मा फरीद खान महेंद्र सिंह यादव मुकेश पुरी मुकेश लश्करी श्याम भीलवारे सुशील सोनी कमल वीहरे अभिषेक गावड़े कालू जायसवाल कालू रत्नाकर रविकांत सैनी लक्ष्मण खत्री पुखराज राठौर राजेश यादव यतिन वर्मा पप्पू मालवीय भूपेन केतके लतीफ शाह राधेश्याम चौहान अमजद पटेल मुकेश चौहान नितीश भारद्वाज राजू पाल विशाल चतुर्वेदी आदि कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ज्ञापन का वचन कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष शैलू सेन किया कार्यक्रम का संचालन शेख शकीरा ने किया अंत में आभार जगदीश जाम्बेकर ने माना

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

# दीपक सक्सेना बने मध्यप्रदेश के नए जनसंपर्क आयुक्त, सरकार की छवि संवारने की जिम्मेदारी



**रणजीत टाइम्स**

मध्यप्रदेश सरकार ने 2010 बैच के वरिष्ठ IAS अधिकारी दीपक कुमार सक्सेना को जनसंपर्क आयुक्त के पद पर नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद उन्होंने नई जिम्मेदारी संभाल ली है। सक्सेना इससे पहले जबलपुर के कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत थे, जहां उनकी प्रशासनिक सख्ती और पारदर्शिता की नीति ने उन्हें एक सक्रिय अधिकारी के रूप में पहचान दिलाई। दीपक सक्सेना का जन्म 29 दिसंबर 1967 को हुआ था। राज्य सेवा से IAS बनने के बाद उन्होंने अपने पूरे प्रशासनिक करियर में जवाबदेही, पारदर्शिता और जन समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी है। जबलपुर में कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा माफिया, राशन वितरण में गड़बड़ियों और अन्य अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की, जिससे उनकी छवि एक निष्पक्ष और निडर अधिकारी की बनी।

जनसंपर्क आयुक्त के रूप में उनकी प्राथमिकता विभाग की कार्यप्रणाली को मजबूत करना, सरकारी योजनाओं और सूचनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना और विभागीय अधिकारियों को लोकहित के लिए प्रेरित करना होगा। माना जा रहा है कि उनकी नियुक्ति से सरकार और जनता के बीच संवाद और अधिक पारदर्शी और प्रभावशाली होगा। राज्य सरकार की इस नियुक्ति को जन सूचना, मीडिया समन्वय और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को नई दिशा देने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। दीपक सक्सेना की सक्रियता और प्रशासनिक अनुभव से जनसंपर्क विभाग को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# एमवाय चूहा कांड देवास पीड़ित परिवार को लेकर कलेक्टर से मुलाकात, जयस की बड़ी चेतावनी



देवास की दूसरी बच्ची के पीड़ित परिवार को लेकर जयस ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा जी से मुलाकात कर अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली।

इस दौरान पीड़ित परिवार को प्रारंभिक मुआवजा राशि का चेक भी दिलवाया गया। लेकिन जयस ने साफ चेतावनी दी है कि यदि आज दिनांक तक एमवाय चूहा कांड में लिप्त डीन, अधीक्षक सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर ठोस कार्यवाही नहीं होती है, तो कल यानी गुरुवार से जयस बच्चियों के न्याय के लिए आंदोलन की घोषणा करेगा। जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा। पीड़ित परिवार ने भी मांग की है कि बच्चियों को न्याय दिलाया जाए और लापरवाह अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज हो।

# सहजयोग मस्तिष्क परे जाकर विकसित होना है : श्री माताजी



श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग ध्यान की वो सनातन पद्धति है जिसे आधुनिक वैज्ञानिकों व चिकित्सकों ने भी स्वीकार किया है। मनुष्य की जिन शारीरिक व मानसिक जटिलताओं को आधुनिक विज्ञान समझ नहीं सका उन्हें सहजयोग द्वारा समझाया गया है। विभिन्न शारीरिक रोगों में, मानसिक तनाव को दूर करने में, कृषि का उत्पादन बढ़ाने में, वातावरण की नकारात्मकता को दूर करने में सहजयोग ने अवर्णनीय प्रभाव दिखाया है।

परंतु इसका वास्तविक उद्देश्य कहीं व्यापक है यह आत्मा के परमात्मा से योग का साधन है इसके पश्चात समस्त बाधाएं स्वयं ही समाप्त हो जाती हैं। यह जीवंत अनुभव है जिसे पढ़कर नहीं समझा जा सकता सहजयोग विवेक व बोध के द्वारा क्रिया एवं विचारों से बाहर निकाल कर ध्यान का मार्ग प्रशस्त करता है। और हमें उस ज्ञान व विद्या का साक्षात्कार प्रदान करता है जो हमारे साथ जन्मी है, जो सहज है। श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में वर्णित किया है कि, "सहजयोग को मानसिक न बनाएं। आप इसे मानवीय चेतना के माध्यम से नहीं समझ सकते। मैंने आपको सैंकड़ों बार कहा है कि आप अपने दिमाग की सीमित क्षमता से सहजयोग को नहीं समझ सकते। अपने हृदयों को खोलें।........ आपको सहजयोग में विकसित होना होगा। यह समझ लें कि आपको अपने दिमाग के पार जाकर विकसित होना है।

अपने मस्तिष्क या बुद्धि से, अगर हम समझ पाते, या हम अपना उत्थान पा लेते, तो यह इसे पाने का सबसे आसान तरीका होता। लेकिन नहीं, प्रत्येक मानव के पास एक सीमित सोच वाला दिमाग है। तो कोई इस ओर जाता है। कोई उस तरफ जाता है। कोई उस तरफ जाता है। और इसी तरह हमारे सामने युद्धों की समस्या है। हमारी समस्या यह है कि हर किसी का दृष्टिकोण अलग-अलग होता है। (18 जुलाई 1994) परंतु शाश्वत सत्य एक है अतः अपने आप को इस भ्रम, संदेह व भटकाव से बाहर निकल कर सत्य के अनुभव का एक अवसर अवश्य प्रदान करें। सहजयोग ध्यान का आनंद और अनगिनत लाभ लेने हेतु आप जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 8 से प्राप्त कर सकते हैं